# Rajasthan Pre Engineering Test (RPET)– 2010
## BOARD OF TECHNICAL EDUCATION, RAJASTHAN, JODHPUR

Web Sites : http:\\techedu.rajasthan.gov.in www.rpet.indiaresults.com

**RPET-2010 के अभ्यार्थियों द्वारा भरे गये Option Form (विकल्प पत्र) के आधार पर आवंटित संस्थान में रिपोर्ट नही करने के कारण रिक्त (Drop Out) रहने वाले स्थानो पर प्रवेश (Upward Movement) हेतु दिशा निर्देश**

**पात्रता** : Upward Movement की इस प्रक्रिया में केवल निम्न अभ्यार्थी ही पात्र होगे–

1. जिन अभ्यार्थियों को विकल्प पत्र के आधार पर मेरिट के अनुसार संस्थान मे सीट आंवटित हो चुकी है तथा जिन्होने आंवटित संस्थान में रिपोर्ट कर दी है।
2. जिन अभ्यार्थियों को पूर्व में भरे गये विकल्प पत्र के अनुसार आंवटन नही मिल पाया (Choice Exhausted) है।

**नोट – जिन अभ्यार्थियों ने आवंटित संस्थान में रिपोर्ट नहीं किया है उन्हें इस प्रक्रिया में सम्मिलित नही किया जायेगा ।**

**प्रक्रिया :**

1. उपरोक्तानुसार पात्र अभ्यार्थियों को एक सहमति पत्र (प्रारूप वेब साइट पर उपलब्ध) भरकर दिनांक **06.09.2010** तक नीचे वर्णित किसी भी नोडल सेन्टर पर जमा करवाना होगा। जिन अभ्यार्थियों को संस्थान आंवटित हो चुकी है उन्हे सहमति पत्र के साथ **संस्थान में जमा कराई गई शुल्क की रसीद की फोटोकॉपी आवश्यक रूप से लगानी होगी।**
2. जिन अभ्यार्थियों ने सहमति पत्र भरा है उनका पूर्व में दिये गये विकल्प पत्र एवं मेरिट के अनुसार शिफ्टिंग पश्चात किसी भी उच्च विकल्प पर आवंटन हो सकता है। इस प्रकार पुनः आवंटन के पश्चात अभ्यार्थियो को नई आंवटित संस्थान में रिपोर्ट करना आवश्यक होगा तथा पूर्व आंवटन स्वतः रद्द हो जायेगा। Upward Movement प्रक्रिया में नई संस्थान/ब्रांच आवंटित न होने पर ही पूर्व आवंटन यथावत रहेगा।

**यदि वर्तमान में किसी अभ्यर्थी को TFWS के अन्तर्गत सीट आंवटित हुई है तथा वह Upward Movement के लिए सहमति पत्र भरता है तो यह आवश्यक नही है कि नई आंवटित संस्थान/ब्रांच में उसे TFWS के अन्तर्गत सीट मिले। इस परिस्थिती में उसे TFWS के अन्तर्गत सीट नही मिलने पर शेष शुल्क नियमानुसार आंवटित संस्थान में जमा करवानी होगी। अतः TFWS के अन्तर्गत सीट पर आवंटित अभ्यर्थी सोच समझकर सहमति पत्र भरे।**

3. सहमति पत्र में किसी प्रकार की शर्त (किसी विशेष संस्थान/ब्रांच में आवंटन) स्वीकार नही होगी।
4. अभ्यार्थियो को पूर्व में भरे गये विकल्प पत्र के आधार पर ही उच्च विकल्प पर मेरिट के अनुसार शिफटिंग कर, नई ब्राचं / संस्थान आंवटित कर वेबसाइट तथा समाचार पत्रो द्वारा सूचित किया जायेगा। इस हेतु अभ्यार्थियों को अलग से कोई सूचना नही भेजी जायेगी।
5. संस्थान परिर्वतन की अवस्था में, पूर्व प्रवेशित संस्थान, नई आंवटित संस्थान को सभी मूल दस्तावेज मय शुल्क स्थानान्तरित करेगी।
6. सहमति पत्र डाक द्वारा नही भेजे। केवल निम्न नोडल केन्द्रो पर ही व्यक्तिगत रूप से दिनांक 06.09.2010 सांय 5.00 बजे तक जमा करवाये।

**नोडल केन्द्र :**

राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय : अजमेर, अलवर, बीकानेर, भरतपुर, खेतान जयपुर, जोधपुर, कोटा, सीकर, श्रीगंगानगर। राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जयपुर। बी.टी.टी.आई., पिलानी, विद्याभवन पॉलिटेक्निक उदयपुर।

नोटः सुरेन्द्र ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, श्री गंगानगर–101 (SBCW 7595/2010) एंवम् चाचन एजूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, अलवर–094 (SBCW 10629/2010) को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों की अनुपालना में Upward Movement की प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है।

**समन्वयक**

नोडल केन्द्रो पर सहमति पत्र जमा करवाने की अन्तिम तिथि 06–09–2010 को सांय 5.00 बजे तक

# सहमति पत्र

समन्वयक,
आर.पी.ई.टी.–2010
प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर

विषयः– पूर्व में दिये गये विकल्प पत्र के अनुसार उच्च विकल्प पर मेरिट के अनुसार Upward Movement.

महोदय,

निवेदन है कि मेरे द्वारा पूर्व में दिये गये विकल्प पत्र (Option Form) एवं मेरिट के अनुसार आंवटित संस्थान व ब्रांच में दिनांक ...................... को प्रवेश ले लिया है / मेरे विकल्प पत्र एवं मेरिट अनुसार कोई आंवटन नही हुआ (Choices Exhausted) है। संस्थानों में रिक्त रही सीट (Drop out seat ) पर मैं पूर्व में भरे गए विकल्प पत्र के उच्च विकल्प पर मेरिट के अनुसार Shifting करवाने में इच्छुक हूँ एवं इस हेतु अपनी सहमति प्रदान करता / करती हूँ। मैंने इस Shifting हेतु आप द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का भली–भांती अध्ययन कर लिया है एवं मुझे किसी प्रकार की कोई संशय तथा कोई आपत्ति नहीं हैं। उच्च विकल्प पर मेरिट अनुसार Shifting पश्चात मुझे यदि किसी अन्य संस्थान/ब्रांच में आंवटन किया जाता है तो मैं आंवटित संस्थान/ब्रांच में निर्धारित तिथि तक निश्चित रूप से रिर्पोट कर दूंगा / दूंगी ।
उच्च विकल्प पर मेरिट अनुसार Shifting पश्चात मुझे उच्च विकल्प का आंवटन होता है तो मेरा वर्तमान आंवटन स्वतः रद्ध समझा जावे ।

मै यह तथ्य से भलीभांति रूप से जानता हूँ कि यदि वर्तमान में मुझे TFWS के अन्तर्गत सीट आंवटित हुई है तथा Upward Movement के पश्चात यदि मुझे नया आंवटन TFWS के अन्तर्गत नहीं मिलता है तो मै नई आवंटित संस्थान/ब्रांच में शेष शुल्क के साथ रिर्पाट कर दूंगा/दूंगी। ऐसी स्थिति में मुझे TFWS का लाभ देय नही होगा।

मै इस संदर्भ में जारी दिशा निर्देशों को भलीभांति सोच समझकर यह सहमति पत्र भर रहा/रही हूँ। नई संस्थान/ब्रांच में रिपोर्ट करने मे मुझे किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी।

मेरा विवरण निम्नानुसार है :–

1. नाम ...................................................................... पिता का नाम ................................................
   माता का नाम ........................................................ जन्म तिथि ............................................
2. RPET-2010 रोल नम्बर ..............................................
3. RPET-2010 मेरिट नम्बर ............................................
4. आंवटित संस्थान एवं ब्रांच जहां रिपोर्ट किया .........................................................................
5. शुल्क रसीद संख्या ................................................ दिनांक ..............................................

नोट : क्रमांक 4 व 5 Choices Exhausted की स्थिति में लागू नही है ।

मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि उपरोक्तानुसार मेरे द्वारा दिया गया विवरण पूर्णतया सत्य है ।

दिनांक ...............................                                    अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

स्थान ..................................................                    नाम ..........................................

प्रमाणित किया जाता है कि यह फोटो अभ्यर्थी की है तथा
अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षर मेरे समक्ष किये गये है ।

| Photograph of candidate Attested by Gazatted Officer |
|---|

दिनांक ...............................                    हस्ताक्षर राजपत्रित अधिकारी मय मोहर

स्थान .................................                    नाम ...........................................

नोट : अभ्याार्थी को अपने हस्ताक्षर राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित करवाने आवश्यक है ।